आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.02.2025 समय : 1905

- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा– नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारत को वैश्विक स्तर पर ले जाएगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- कार्यस्थल में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न अधिनियम के तहत दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त कार्यालय ने सभी कार्यालयों में आंतरिक शिकायत समिति गठित करने का निर्देश दिया है।
- सरकार ने कोचिंग में पढ़ रहे छात्रों की फीस वापसी सुनिश्चित कर उन्हें बड़ी राहत प्रदान की है।

<><><><><><><>

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि भारत को वैश्विक स्तर तक ले जाने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की परिकल्पना की गई है। नई दिल्ली में दिल्ली विश्वविद्यालय के आज एक सौ एकवें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने जोर देकर कहा कि देशभर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति दो हजार बीस को लागू करके वर्ष दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है। शिक्षा मंत्री ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएं।

श्री प्रधान ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में सीखे गए सामाजिक कौशल छात्रों के लिए भविष्य में बहुत लाभकारी होंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ उन्नीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन ए. आई.आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

<><><><><><><>

माध्यमिक विद्यालय वन्डूर में आज स्कूल का वार्षिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशालय ने कक्षा एक और छः के लिए इंग्लिश मीडियम की शुरूआत की। कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाध्यापिका विजयलक्ष्मी ने कहा कि इंग्लिश मीडियम के खुल जाने से स्थानीय बच्चों को लाभ मिलेगा। स्कूल में आई सी टी लैब, स्मार्ट क्लास, छात्रों की बेहतर शिक्षा के लिए इंटरेक्टिव पैनल जैसी सुविधा भी उपलब्ध है। राज्य शिक्षा संस्थान की प्रधानाचार्या ने फाउंडेशन लर्निंग न्यूमेरेसी के महत्व और छात्रों के लाभ के लिए शिक्षा विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

कार्यस्थल में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न अधिनियम दो हजार तेरह के प्रावधानों के अनुसार विधि और न्याय मंत्रालय द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के तहत दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त कार्यालय ने एक आदेश जारी कर सभी कार्यालयों में आंतरिक शिकायत समिति गठित करने को कहा है। जिन कार्यालयों में दस से अधिक कर्मचारी काम कर रहे हैं, वहां पर समिति का गठन करने का निर्देश दिया गया है। समिति के सदस्यों का विवरण कार्य स्थल मे सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

<><><><><><><>

डिगलीपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से दुर्गापुर में जागरूकता–सह–स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. शालिनी सिंह की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिप्रा मिस्त्री ने खाद्य तेल की खपत में दस प्रतिशत कमी पर जानकारी दी। चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार हवलदार ने तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। इसके अलावा, तीस वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए एन सी डी स्क्रीनिंग की गई। शिविर में एलोपैथिक, आयुर्वेदिक और दंत परामर्श के साथ–साथ जरूरतमंद लोगों को मुफ्त दवाइयाँ वितरित की गईं। योग प्रशिक्षक शमशेर सिंह ने योग का प्रदर्शन भी किया। शिविर में लगभग पचास से अधिक लोग मौजूद रहे।

<><><><><><><>

होपटाउन ग्राम पंचायत की ओर से नॉर्थ बे तट पर आज स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्वयं सहायता समूहों और पंचायती राज संस्थान के सदस्यों के सहयोग से क्षेत्र की सफाई की गई और कचरे के पच्चीस बैग एकत्र किए गए। इसके अलावा दुकानों में एकल इस्तेमाल होने वाले

प्लास्टिक के उपयोग का निरीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी ललिता तिग्गा, ज़िला परिषद सदस्य मरियम बीबी और ग्राम प्रधान रशीदा बीबी सहित अन्य लोगों ने भी भाग लिया।

<><><><><><><>

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सहयोग से इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन (आईबीडीएफ) द्वारा वेव्स प्रोमो वीडियो चैलेंज, क्रिएट इन इंडिया चैलेंज का आयोजन किया जा रहा है। वेव्स रचनाकारों और कहानीकारों के लिए आकर्षक वीडियो तैयार करने का मंच प्रदान करता है। चैलेंज में "आओ, हमारे साथ चलो" विषय पर सभी क्षेत्रों से प्रतिभागियों को आमंत्रित किया गया है। इसके लिए प्रतिभागियों की आयु अट्ठारह वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। यह कार्यक्रम एक से चार मई तक मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर और जियो वर्ल्ड गार्डन में आयोजित किया जाएगा। प्रस्तुति जमा करने की अंतिम तिथि अट्ठाईस फरवरी है। अधिक जानकारी केन्द्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसायटी के अंतर्गत राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, ए एन एस ए एस, एन ए एम के पदों के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। साक्षाकार छब्बीस फरवरी को शाम तीन बजे सचिवालय में स्वास्थ्य आयुक्त–सह–सचिव के कक्ष में लिया जाएगा। पात्र उम्मीदवारों की सूची जंगलीघाट स्थित आयुष अस्पताल के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित कर दी गई है। उम्मीदवारों को निर्धारित तिथि पर मूल प्रमाण पत्रों और दस्तावेजों के साथ उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित रामकृष्ण मिशन में छब्बीस फरवरी को महाशिवरात्रि पूजा का आयोजन किया जाएगा। पूजा शाम की प्रार्थना के बाद आरंभ की जाएगी।

<><><><><><><>